# शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय
## मंगेली,जबलपुर (म.प्र.)




### विद्यालय से अध्ययनरत विद्यार्थियों की
# “सफलता की कहानी”

# श्रमोदय आवासीय विद्यालय मंगेली जबलपुर म०प्र०

## प्रस्तावना

मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग के अन्तर्गत मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल भोपाल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक बालिकाओ की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हेतु प्रदेश के 4 बड़े शहरो भोपाल इंदौर ग्वालियर एवं जबलपुर मे श्रमोदय आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है इन विद्यालयों मे कक्षा 6वी से 12वी तक अध्यन्न हेतु पात्र विद्यार्थीयों की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है, पंजीकृत निर्माण के बालक बालिकाओ की शिक्षा आवास पठन पाठन सामाग्री का सम्पूर्ण व्यय मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल , श्रम विभाग भोपाल द्वारा किया जाता है| श्रमोदय आवासीय विद्यालय सत्र 2018-2019 से सफलतापूर्वक संचालित है शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर की शैक्षणिक शुरुआत माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा हुई उसके बाद से शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली से संबंध है| जो की अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों माध्यम मे संचालित है |

विद्यालय मे पूर्व मे अध्ययनरत विद्यार्थी जिन्होंने स्कूल शिक्षा समाप्त होने के पश्चात उच्च शिक्षा ,खेल एवं अन्य क्षेत्र मे उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है ऐसे विद्यार्थीयों की सक्सेस स्टोरी संलग्न है |

संग्लन:- सक्सेस स्टोरी

19/3/25

**प्रभारी प्राचार्य**
**श्र०आ०वि० जबलपुर**

**छात्र का नाम - सुखदेव पटेल**

**जन्म दिनांक - 03-08-2002**

**जन्म स्थान- कटनी**

**पिता का नाम - दौलत सिंह पटेल**

**माता का नाम- सीता पटेल**



सुखदेव पटेल एक छोटे से ग्राम के रहने वाले कटनी जिले के निवासी है और उनके माता पिता अत्यंत गरीब वर्ग के श्रमिक है सुखदेव पटेल ने सत्र 2018-19 मे विद्यालय मे प्रवेश लिया | और वह विदयालय मे गणित संकाय से अध्यन कर 77% प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और वह स्कूल मे ही रह कर भारतीय सेना मे शामिल होने के लिए अपनी तैयारी की और वह प्रथम प्रयास मे ही चयनित हुये और वह अब देश की सेवा कर अपनी सेवाये शिमला मे दे रहे है |

**छात्र का नाम - तनुजा तिवारी**

**जन्म दिनांक - 28-04-2005**

**जन्मस्थान - सिवनी**

**पिता का नाम -व्यास तिवारी**

**माता का नाम- माया तिवारी**




तनुजा तिवारी एक छोटे से ग्राम के रहने वाली केवलारी तहसील जिला सिवनी की रहने वाली है और उनके माता पिता श्रमिक है तनुजा तिवारी ने सत्र 2022-23 मे विज्ञान संकाय से अध्यन कर 60% प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और वह उसके बाद श्रमोदय आई.टी. आई मे प्रवेश ली| और श्रमोदय आई.टी.आई मे कड़ी मेहनत कर सिविल इंजीनियरिंग ट्रेड मे प्रदेश मे पाँचवा स्थान अर्जित किया |

**छात्र का नाम - निखिल दिवाकर**

**जन्म दिनांक - 31-08-2023**

**जन्मस्थान - छिन्दवाडा**

**पिता का नाम -नन्द किशोर दिवाकर**

**माता का नाम- मालती दिवाकर**



निखिल दिवाकर छिन्दवाडा जिले के निवासी है और उनके माता पिता अत्यंत गरीब वर्ग के श्रमिक है निखिल दिवाकर ने सत्र 2018-19 मे विद्यालय मे प्रवेश लिया | और वह विदयालय मे गणित संकाय से अध्यन कर 68% प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया | हाइयर स्कूल पास होने के बाद निखिल दिवाकर के द्वारा विदेशो मे अप्लाई किया गया और उनको सफलता भी प्राप्त हुई और आज वह मल्टी नेशनल कंपनी नाइजेरिया दक्षिण अफ्रीका मे कार्य कर रहे है |


**छात्र का नाम - दीपेश पटेल**

**जन्म दिनांक - 10-06-2002**

**जन्मस्थान -   शहडोल**

**पिता का नाम -उमेश कुमार पटेल**

**माता का नाम- सीता बाई पटेल**



दीपेश पटेल  व्योहारी शहडोल  जिले के निवासी है और उनके माता पिता अत्यंत गरीब वर्ग के श्रमिक है दीपेश पटेल ने  कला  संकाय से अध्यन कर 70 % प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया | दीपेश की रुचि हमेशा से पत्रकारिता के क्षेत्र मे थी और उसने माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय से पत्रकारिता एवं रचनात्मक लेखन के क्षेत्र मे ही स्थातक एवं स्थातकोतर की पढ़ाई की |और पढ़ाई के साथ साथ ही अपने कौसल को निखारने लगे और राजनीति मंच चैनल बनाकर पत्रकारिता मे अपना कार्य कर रहे है |

**छात्र का नाम - ज्ञानेन्द्र प्रजापति**

**जन्म दिनांक - 24-06-2003**

**जन्मस्थान - सतना**

**पिता का नाम -मुन्नेलाल प्रजापति**

**माता का नाम- कमला बाई**



ज्ञानेन्द्र प्रजापति एक छोटे से ग्राम के रहने वाले मैहर जिले के निवासी है और उनके माता पिता अत्यंत गरीब वर्ग के श्रमिक है ज्ञानेन्द्र प्रजापति ने सत्र 2019-20 मे विद्यालय मे गणित संकाय से अध्यन कर प्रथम स्थान हासिल किया और फिर उसने आईटीआई मैहर मे प्रवेश लेकर वहा से भी प्रथम स्थान हासिल कर वर्ष 2022 मे ही एल एण्ड टी कंपनी द्वारा कैम्पस चयन कर लिया| उसके बाद से वह अपनी सेवाए विशाखपटनम आंध्रप्रदेश मे दे रहे है |

**छात्र का नाम - महेंद्र दूबे**

**जन्म दिनांक - 05-07-2004**

**जन्मस्थान - सिंगरौली**

**पिता का नाम -रामलल्लू दूबे**

**माता का नाम- अस्मिता दूबे**




महेंद्र दूबे सिंगरौली जिले के निवासी है और उनके माता पिता अत्यंत गरीब वर्ग के श्रमिक है महेंद्र दूबे ने कला संकाय से अध्यन कर 65 % प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया | महेंद्र दूबे की चाह हमेशा से रिपोर्टर बनने की थी और उन्होने अपना स्थातक कंप्लीट कर सिंगरौली जिले की आवाज बन गए और आज वह सिंगरौली की आवाज और कई चैनलो मे अपनी प्रतिभा निखार रहे है |

**छात्रा का नाम - रूपाली लोधी**

**जन्म दिनांक - 06-03-2006**

**जन्मस्थान - जबलपुर**

**पिता का नाम -मनहरन लोधी**

**माता का नाम- अर्चना लोधी**




रूपाली लोधी जबलपुर जिले की निवासी है और उनके माता पिता अत्यंत गरीब वर्ग के श्रमिक है रूपाली लोधी ने कला संकाय से अध्यन कर प्रथम स्थान हासिल किया | रूपाली लोधी छोटे से ही कलात्मक कार्य मे निपुण थी | उन्होने स्कूल शिक्षा मे रह कर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर दिल्ली मे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से मुलाक़ात की |और उच्च शिक्षा भी जबलपुर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से फ़ाइन आर्ट मे अध्यन कर रही है |

विद्यालय के कई छात्र अन्य विभागो में कार्यरत है जैसे-

**इंडियन पोस्ट ऑफिस मे क्लर्क एवं जीडीएस ,**



**वन रक्षक**

**आबकारी विभाग**




**अग्निवीर**

**एमटीएस प्राइवेट जॉब, प्राइवेट शिक्षक,एवं कई अन्य जगह** सेवाएँ दे रहे है |

-इसके साथ ही  कुछ विद्यार्थी खैरागड़ मे **ड्रामा फील्ड** मे अध्यनरत है।

-**होटल मैनेजमेंट** का पाठ्यक्रम हैदराबाद से  कर रहे है |

-कुछ छात्र अपना  स्नातक **बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय** से अध्यन कर रहे है |

इस प्रकार कई कीर्तिमान विद्यालय के विद्यार्थीयों द्वारा स्थापित किये गये |

**विद्यार्थीयों के सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यालय के समस्त शिक्षको का योगदान रहा और सभी  विद्यार्थीयों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया है** |